सफल और असफल व्यक्ति में अन्तर

विनेश गोयल
रूड़की

- सफल व्यक्ति दूसरे की सेवा करता है और असफल व्यक्ति दूसरों से सेवा की अपेक्षा रखता है।
- सफल व्यक्ति के पास समाधान होता है और असफल व्यक्ति के पास समस्या।
- सफल व्यक्ति के पास एक कार्यक्रम होता है और असफल व्यक्ति के पास केवल बहाना।
- सफल व्यक्ति कहता है कि यह काम मैं करूंगा और असफल व्यक्ति कहता है कि यह काम मेरा नहीं है।
- सफल व्यक्ति समस्या में समाधान देखता है, जबकि असफल व्यक्ति समाधान में भी समस्या देखता है।
- सफल व्यक्ति कहता है कि यह काम कठिन है, लेकिन संभव है, असफल व्यक्ति कहता है कि यह काम तो असंभव है।
- सफल व्यक्ति समय का पूर्ण सदुपयोग करता है जबकि असफल व्यक्ति समय का व्यर्थ काम में दुरूपयोग करता है।
- सफल व्यक्ति परिवार और समाज को धर्म एवं समाज के कामों से जोड़ता है और असफल व्यक्ति परिवार व समाज को धर्म एवं सेवा के कार्यो से तोड़ता है।
- सफल व्यक्ति चारों तरफ सफाई रखता है और असफल व्यक्ति अपने घर का कचरा भी दूसरों के घर के आगे फेंकता है।
- सफल व्यक्ति भोजन झूठा ना छोड़कर अन्न देवता का सम्मान करता है और असफल व्यक्ति भोजन जूठा छोड़कर अन्न देवता का अपमान करता है।
- सफल व्यक्ति अपने से बड़ों का आदर व सम्मान करता है और असफल व्यक्ति अपने से बड़ों का निरादर करता है।
- सफल व्यक्ति गलत बातों को भी हंस कर टाल देता है और असफल व्यक्ति छोटी से छोटी सही बात को लेकर भी अड़ जाता है।
- सफल व्यक्ति दूसरों को बढ़ता देख खुश होता है और असफल व्यक्ति दूसरों को बढ़ता देख कभी भी खुश नहीं होता है।
- सफल व्यक्ति दूसरों के कार्यों को भी अपना कार्य मानते हुए पूर्ण कर लेता है और असफल व्यक्ति पर अपना ही कार्य पूर्ण नहीं होता है।

सोचिए और विचार कीजिए, आप क्या बनना चाहते हैं –

सफल व्यक्ति या असफल व्यक्ति